# वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन

अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक)




भगवान मानव कल्याण समिति

ग्राम. पोस्ट अरियासो, तहसील_ घोसी, जनपद मऊ (उ० प्र०)

पिन कोड **275105**

फोन नं 94252050368, 6386179151

ईमेल bmksmau@gmail.com

भगवान मानव कल्याण समिति अरियासो , घोसी – मऊ की गठन के 22 वर्ष पूरा होने पर हम आप सभी लोगो को धन्यवाद देना चाहेगे । यह संस्था पिछले 22 वर्षो से उ0प्र0 के मऊ जनपद में घोसी विकास खण्ड के अन्तर्गत सघन रूप से कार्य कर रही है । संस्था गरीब एवं असहायो की सेवा में निरन्तर प्रयत्नशील है । यह संस्था नारी सशक्तिकरण , स्वास्थ चिकित्सा शिविर , किसान गोष्ठी तथा पंचायतीराज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी हेतु सक्रिय प्रयास कर रही है ।

वर्ष 2020 में कोरोना जैसी महामारी के प्रकोप से बचने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है साथ ही साथ 15 वर्ष के ऊपर के लोगों को कोविड 19 का टीका लगवाने के लिए संवेदित कर रही है । इस संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना जिसके लिए स्वयं सहायता समूहो का गठन , नारी संघ का निर्माण अशिक्षित महिलाओं को साक्षर करना , शिक्षित बेरोजगार व्यवसायिक पुरूषो को प्रशिक्षण दिलवाना , असहाय एवं गरीब व्यक्तियो की निशुल्क चिकित्सकीय जाच कराना तथा उनको दवा उपलब्ध कराना , नेत्र सुरक्षा हेतु नेत्र परीक्षण कराना तथा मुफ्त मे चश्मा वितरण करना , किसानो की अधिक पैदावार बढाने के लिए जगह जगह पर किसान कोष्ठी का आयोजन करना , महिलाओं की घटती हुई संख्या को देखते हुए कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन करना , एड्स जैसी लाइलाज विमारी से बचाव हेतु एड्स जागरूकता शिविर का आयोजन करना , किशोरियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए इनको हाईजिन एवं हेल्थ पर प्रशिक्षण करवाना तथा उनके खून की जाँच कराकर एनीमिया से बचाव हेतु जागरूक करना आदि मुख्य उद्देष्य है ।

संस्था का आगामी प्रयास है कि महिलाएं पंचायती राज व्यवस्था में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले । सरकार द्वारा दी गयी आरक्षण को सही से लागु किया जाये एवं किशोरियों और बच्चो का स्वास्थ्य बेहतर हो साथ ही साथ किशोरों को संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना जिससे वे एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। कोरोना जैसी महामारी से बचाओ हेतु लोगों को संवेदित करना तथा इसके अलावा संस्था पर्यावरण तथा अन्य शिविरों का आयोजन करती रहेगी। आगे यह भी प्रयास रहेगा कि महिलाएं अपने हक व अधिकार को लेकर के प्रयत्नशील रहे। इसके अलावा संस्था का यह भी प्रयास होगा कि पारदर्शी जवाबदेह स्थानीय स्वशासन में नियोजित स्थायी विकास हो ,ग्राम स्वराज्य स्थापित हो ,समाज के वंचित समुदाय को बुनियादी प्राथमिक सुविधाएँ और आजीविका का हक प्राप्त हो , सामाजिक समरसता,आपसी भाई चारा कायम रहे ,भोजन शिक्षा ,स्वास्थ्य ,रोजगार व सम्मान पूर्वक सभी को जीने का अवसर प्राप्त हो।

हम आभार प्रकट करना चाहेगे साथी उत्तर प्रदेश का जो समय समय पर संस्था को तकनिकी सहयोग देती रहती है जिनके मार्गदर्शन में संस्था अपने विजन और मिशन में निरन्तर आगे बढ़ रही है । हम धन्यवाद देना चाहेगे इस संस्था के सभी कार्यकर्त्ताओं एंव स्वयं सेवको को जिन्होने इस संस्था के कार्याक्रमो को सफल बनाने में अपना अमुल्य समय एवं सहयोग प्रदान किया ।

सधन्यवाद सहित
आपका
**रमेश चन्द्र सिंह**
सचिव / प्रबन्धक

## **संस्था की** पृष्ठ भूमि

भगवान मानव कल्याण समिति एक गैर सरकारी , गैर राजनितिक एवं अलाभकारी स्वयं सेवी संगठन है जो समाज से वंचित असहाय लोगो के सेवा के लिए समर्पित साथियो के सहायोग से स्थापित किया गया है संस्था का गठन 2000 में हुआ था जिसको वैद्यानिक दर्जा प्राप्त करने हेतु 2002 में सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 की धारा 21 के अर्न्तगत पंजिकृत कराया गया । विदेषी अभिदाय विनियमन अधिनियम (F.C.R.A.) 2004 में कराया गया। संस्था का आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12क के अर्न्तगत दिनांक 1/4/07 को कराया गया ।

**संस्था विगत 20 वर्षों से गरीबों की सेवा में निरंतर प्रयत्नशील है । वर्तमान समय में संस्था स्थानीय दान एवं चंदा के सहयोग से महिलाओं ,बच्चों एवं किशोरियों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य कर रही है । कोरोना महामारी के दौरान जनवरी 2022 में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बंगलुरु के वित्तीय सहयोग से मऊ जनपद के घोसी विकासखंड के अंतर्गत 36 ग्रामपंचायतों में टीकाकरण कार्यक्रम चलाया गया । जिसमे 15 वर्ष से ऊपर के लोगों को टीका लगवाया गया ।**

**दृष्टिकोण** –संस्था महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य / ग्राम व्यवस्था , मदर टेरेसा के गरीब असहायो की चिकित्सकीय सेवा , सन्त विनोवा भावे , सन्त फ्रन्सीस , मदन मोहन मालवीय , स्वामीविवेकानन्द आदि समाज सेवको एवं विचारको से प्रभावित होकर उनके व्यावहारिक चिन्तन को मुर्त रूप प्रदान करने हेतु नागरिको की सिधी भागीदारी द्वारा गरीब , उपेक्षित एवं हासिये पर खड़े जरूरत मन्द लोगो को सामाजिक , आर्थिक एवं सास्कृतिक विकास कर मूल्य आधारित ( **शोषण**मुक्त ) समतामूलक टिकाऊ , समाजिक , आर्थिक एवं वैज्ञानिक व्यवस्था हेतु कार्य करना है ।

**विजन**–संस्था का स्वप्न एक शोषणरहित समाज की स्थापना करना है जहां लोगों की बेतहर स्वास्थ्य षिक्षा तक पहुॅच हो और वे बेहतर जीवन जी सके ।

**मिशन** –विभिन्न समुदायों को संगठित कर उन्हें शसक्त करना ताकि वे स्वतंत्र एवं आत्म निर्भर होकर सम्पूर्ण जीवन जी सके खास तौर से उन अबला महिलाओं एवं समाज से उपेक्षित पुरूषों की जो की आज भी हासिये पर खड़े है।

**लक्ष्य** –संस्था का मुख्य लक्ष्य समाज के आर्थिक , पिछड़े , जरूरतमंद , असहाय , वंचित एवं समस्याग्रस्त लोगों का सहायोग करना ताकि वे निर्धारित अवधि में स्वावलम्बी , आत्मनिर्भर एवं सक्षम होकर समाज एवं निर्माण के मुख्य धारा में जुड़कर अपने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकें ।

**उददेश्य** –1.लोगों को संवैधानिक दायरे के अंतर्गत हक एवं अधिकार दिलवाना ।

2.महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु आय सृजन गतिविधियों का आयोजन करना ।

3.असहाय एवं गरीब व्यक्तियों को चिकित्सीय सेवा ,शिक्षा एवं रोजगार के प्रति जागरूक करना ।

4.सम्वैधानिक मूल्यों के प्रति लोगों को जागरूक करना ।

5.किसानो को अधिक पैदावार बढाने हेतु तकनिकी खेती के लिए प्रशिक्षित करना

6.शिक्षित एवं बेरोजगार युवक व युवतियों को व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करवाना ।

**पंचायत दिवस का आयोजन**

**स्थान किशोर वाटिका घोसी**

**दिनांक 24/04/2021**

**प्रतिभागी 360**

संस्था द्वारा 73 वां संविधान संशोधन के बाद त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत का जो गठन हुआ था उसको उत्तर प्रदेश सरकार ने 24 अप्रैल सन 1995 को उत्तर प्रदेश में लागु किया था उसी के याद में संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को पंचायत दिवस के रूप में मनाया जाता है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिसोर्स पर्सन शेर नारायण सिंह ने कहा कि 73 वां संविधान संशोधन में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति ,पिछड़े वर्ग एवं महिलाओं को पंचायत में सक्रीय भागीदारी के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया । साथ ही साथ वित्त आयोग ,चुनाव आयोग का गठन किया गया जो गाँव के विकास के लिए वित्त का प्रयोग करेगा और चुनाव आयोग प्रत्येक 5 वर्ष पर त्रिस्तरीय चुनाव की व्यवस्था करेगा । रिसोर्स पर्सन संजय मिश्र ने कहा की 73 वां संविधान संशोधन में मत देने के लिए 18 वर्ष हा होना अनिवार्य है तथा चुनाव लड़ने के लिए 21 वर्ष की उम्र पूरी होनी चाहिए ।



**<u>विश्व मज़दूर दिवस</u>**

स्थान तहसील सभागार घोसी

दिनांक 01/05/2021

प्रतिभागी 395

भगवान मानव कल्याण समिति की तरफ से दिनांक 01 मई विश्व मज़दूर दिवस के शुभ अवसर पर तहसील सभागार घोसी में मजदूरों के हक एवं अधिकार के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई । मजदूरों को बताते हुए रामप्रवेश भाई ने कहा कि जो भी मज़दूर कार्य करते हुए स्थल पर घायल हो जाते हैं या उनकी मृत्यु हो जाति है तो राज्य सरकार उसको वित्तीय सहायता प्राप्त करवाती है इसके लिए मज़दूर को बिमा कराना आवश्यक होता है ।श्रीमती ज्ञान्ती यादव ने कहा की जिन महिलाओं के नाम से जॉब कार्ड बना है वे मनरेगा के अन्तरगत अपने ग्राम पंचायत में ही 100 दिन का काम प्राप्त कर सकते हैं इसके लिए उनको लिखित रूप से काम का आवेदन करना होगा तथा उनको बैंक में अपना खाता खुलवाना



अनिवार्य है दिव्यांग महिलाएं इसमेंमेठ का काम भी कर सकती हैं या पानी पिलाने का कार्य कर सकती हैं इनको भी उनता ही मजदूरी मिलेगी जितना अन्य लोगों को मिलती है

## **<u>कोरोना वैक्सीनेशन जागरूकता शिविर</u>**




भगवान मानव कल्याण समिति द्वारा कोरोना महामारी को देखते हुएलगातार इसके बचावहेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे कोरोना वायरस से बचाव हेतु मास्क एवं सेनीटाईज़र का वितरण किया गया तथा कोरोना जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव हेतु उपाय सुझाये गये ।संस्था सचिव रमेश चंद सिंह ने कहा कि कोरोना से बचाव हेतु एक मात्र उपाय दूरी बनाकर रहना , हाथ को बार बार धोते रहना तथा senitizer का प्रयोग करण इत्यादी है इसके आलावा इसकी वैक्सीन भी उपलब्ध हो चुकी है जिनकी आयु 18 वर्ष से ऊपर हो चुकी है वे लोग कोविड 19 का टीका लगवाकर इससे अपने आप को सुरक्षित कर सकते हैं । यदि कोई परेशानी हो तो 112 नम्बर या संस्था के मो. न, 9452050368 पर सम्पर्क कर सकते हैं । संस्था आपका पूर्ण सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर है ।

| **क्रम स०** | **गतिविधि** | **स्थान** | **दिनांक** | **प्रतिभागी** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोरोना वैक्सीनेशन जागरूकता शिविर | लाखीपुर | 05-04-2021 | 260 |
| 2 | कोरोना वैक्सीनेशन जागरूकता शिविर | मानिकपुर असना | 18-06-2021 | 280 |
| 3 | कोरोना वैक्सीनेशन जागरूकता शिविर | लखनीमुबारकपुर | 15-11-2021 | 310 |
| 4 | कोरोना वैक्सीनेशन जागरूकता शिविर | मझवारा | 16-11-2021 | 335 |
| 5 | कोरोना वैक्सीनेशन जागरूकता शिविर | ग्रामपंचायत कल्यानपुर | 7-12-2021 | 270 |
| 6 | कोरोना वैक्सीनेशन जागरूकता शिविर | माउरबोझ | 8-12-2021 | 360 |
| 7 | कोरोना वैक्सीनेशन जागरूकता शिविर | इटौराडोरीपुर | 12-12-2021 | 285 |
| 8 | कोरोना वैक्सीनेशन जागरूकता शिविर | हरदासपुर | 14-12-2021 | 295 |
| 9 | कोरोना वैक्सीनेशन जागरूकता शिविर | कलाफनपुर | 15-12-2021 | 290 |

## <u>निःशुल्क नेत्र जांच शिविर</u>

**स्थान- प्राथमिक विद्यालय अरियासो**

**दिनांक 01/06/2021**

**प्रतिभागी 170**



भगवान मानव कल्याण समिति, अरियासों, घोसी मऊ द्वारा विकास खण्ड घोसी के प्राथमिक विद्यालय अरियासो पर निशुल्क जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लोगों को अपनी आँख सुरक्षित रखने तथा आँख में होने वाली बिमारियों के बारे में डॉ अम्बरीश कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया साथ ही साथ 170 लोगों का आँख का निशुल्क परिक्षण किया गया साथ ही साथ 22 ऐसे लोग जो बहुत ही गरीब एवं असहाय थे उनको मुफ्त में चश्मा दिया गया । ऑख जॉच में उपस्थित डा0 राजन कुमार यादव, डा0 अमरीश कुमार पाण्डेय ने शिविर में उपस्थित समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऑख शरीर का एक बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है जिसके सुरक्षा में हम लोग काफी लापरवाह होते है, धूल, मिट्टी आदि हमारी आँखों में जाकर हमारे ऑख को खराब कर देते है। शरीर के इस अंग को लेकर हम लोगों को आगे से काफी सावधान रहना होगा जिससे हम लोग अपनी स्वयं की आखों से इस प्राकृतिक नजारों को देख सके।

## विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

**स्थान पंचायत भवन कल्यानपुर**

**दिनांक 05/06/2021**

**प्रतिभागी 220**



संस्था की तरफ से 5 जून 2021 को विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर पंचायत भवन कल्यानपुर में पर्यावरण संरक्षण का आयोजन किया गया । रिसोर्स पर्सन श्री शेर नारायण सिंह ने कहा कि आज पुरे विश्व में पर्यावरण प्रदुषण को लेकर के सभी लोग चिंतित हैं । भारत में भी इसका दुष्परिणाम देखने को मिल रहा है जिसमे बहुत ज्यादा गर्मी का होना , वर्षा का बहुत कम होना ,सतह के अंदर के पानी का निचे चला जाना इत्यादी । इसका मुख्य कारण वनों का कटना ,कल कारखानों से निकल रहे धुआं ,केमिकल ,अधिक मात्र में चल रहे वाहनों से निकल रहे धुओं ,किसानो द्वारा जलाये गये पराली इत्यादी है। यदि हम इसपर समय रहते सचेत नहीं हुए तो आगे और भी स्थिति भयावह हो सकती है

। रिसोर्स पर्सन संजय कुमार मिश्रा ने कहा की ओजोन परत में जो छिद्र हुआ है वो भी लगातार पर्यावरण प्रदूषण से बढ़ता जा रहा है । इसको रोकने के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करना चाहिए जिसमे अधिक़ से अधिक पौधे लगाना ,वर्षा के पानी को संग्रहित करना तथा वो वाहन सड़क पर चल रहे है उसकी प्रदूषण की जाँच समय समय पर करवाते रहना तथा प्रदूषण रहित वाहनों का अधिक से अधिक संचालन करना । वर्षा के पानी को अपने घर के बगल में ही स्टोर करके उसको पुनः पीने के योग्य किया जा सके ।

## किसानगोष्ठी का आयोजन



संस्था द्वारा घोसी विकास खण्ड के अंतर्गत क्षेत्रीय किसानों को कम लागत में अधिक पैदावार बढ़ाने के लिए किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन श्री बी एम् त्रिपाठी ने किसानों को जैविक विधि से खेती करने फसलों को सुरक्षित रखने तथा फसलों को कीटो से कैसे बचाया जाए इसपर जानकारी दिया। उन्होंने किसानों को बताया कि कई ऐसी फासले है जिसको जमा एक साथ दो फसल ले सकते है जैसे किसान पहले गन्ने का फसल बो कर उसमे सब्जी लगा सकते है तथा गन्ने के साथ खीरा, तरबूज, ककरी इत्यादि का फसल उगाया जा सकता है।अनिल सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को फसली बीमा कराया जाता है जिसका नुकसान होने पर बीमा कंपनी मुआवजा देती है। उन्होंने आगे बताया कि बीज का भंडारण करते समय किसानों को बहुत ही सावधान रहना चाहिए जिससे उनका बीज बर्बाद न होने पाए।

| क्रम स० | गतिविधि | स्थान | दिनांक | प्रतिभागी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | किसान गोष्ठी | डी एस एस ए महाविद्यालय घोसी | 12/08/2021 | 360 |
| 2 | किसान गोष्ठी | पंचायत भवन माउरबोझ | 2/10/2021 | 290 |
| 3 | किसान गोष्ठी | ग्राम पंचायत अरियासो | 15/03/2022 | 370 |

**स्वतंत्रता दिवस का आयोजन**

**स्थान परियोजना कार्यालय घोसी**

**दिनांक 15/08/2021**

**प्रतिभागी 110**



संस्था की तरफ से 15 अगस्त के शुभ अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री शेषनाथ द्वारा ध्वजा रोहण किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों द्वारा राष्ट्रगान गया गया साथ ही साथ कार्यकर्ताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उसके बाद स्वतंत्रता दिवस के आयोजन पर संस्था प्रमुख द्वारा विस्तार से बताया गया ।

**<u>सहभोज कार्यक्रम</u>**

**स्थान – लाखीपुर**

**दिनांक 25/08/2021**

**प्रतिभागी 330**



**कार्यक्रम का उद्‌देष्य–** सहभोज कार्यक्रम का मुख्य उद्‌देष्य आपसी भाई चारा जाति प्रथा को खत्म करना एवं हर वर्ग के लोगो को एक साथा बैठक कर भोजन करना ।

संस्था भगवान मानव कल्याण समिति द्वारा ग्राम पचांयत लाखीपुर में सहभोज कार्यक्रम किया गया। जिसमें नारी संघ एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत के सदस्यो ने सहभाग किया जिसमें कुल 330 लोगो ने सहभागिता किया । सहभोज कार्यक्रम में नारी संघ एवं ग्राम पंचायत के लोगो द्वारा ग्राम **प्रधान श्री मांधाता सिंह के सामने ग्राम पंचायत स्तरीय** ग्राम पंचायत की समस्याओं पर चर्चा किया गया जिसमें नाली, खड़ज्जा, वृद्वा, विधवा एवं **दिव्यांग पेंशन**, ग्राम सभा की नियमित खुली बैठक, ग्राम स्वास्थ्य **पोषण** दिवस एवं **कुपोषण** इत्यादि **विषयों** पर चर्चा किया गया। **प्रधान द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि जो भी समस्याएं आयेंगी उसको हम समय पर निस्तारित करेंगे और साथ ही ग्राम सभा की खुली बैठक समय पर करायी जाएगी उन्होंने आगे कहा । कि आप लोग अपने पुरे परिवार को जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है उनको कोविड का टीका अवश्य लगवाएं ।** कार्यक्रम के अन्त में ग्राम सभा की साफ सफाई की गयी ओर लोगो को स्वच्छता अपनाने पर जागरूक किया गया।

## किशोरी सशक्तिकरण जागरूकता शिविर

संस्था द्वारा किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं उच्च शिक्षा पर बल देने के लिए घोसी विकासखंड के अलग अलग ग्राम पंचायतों में किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास प्रयास समिति की सचिव श्रीमती सविता सुमन ने कहा कि प्रत्येक माह हर ग्राम पंचायतों में ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस का आयोजन किया जाता है जिसमे गर्भवती ,किशोरियों एवं बच्चों की जाँच की जाति है किशोरिओं को इस दिवस में जाकर ए एन एम् से अपना खून की जाँच करवा लेनी चाहिए। यदि किसी किशोरी का हिमोग्लोबिन 12 ग्राम से कम है तो वह चिकित्सक के परामर्श से आयरन की गोली ले सकती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूनम सिंह ने कहा कि लड़कियों को उच्च शिक्षा देने के लिए बाहर पढने जाना चाहिए जिससे की लड़कियां भी डॉक्टर व इंजिनियर बन सकें साथ ही साथ किशोरियों को खेल खुद में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।



| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन पिढ़वल | 03/09/2021 | 180 |
| 2 | D.S.S.A. महाविद्यालय | 27/12/2021 | 160 |
| 3 | बापू बाल शिक्षा केंद्र रसूलपुर | 05/01/2022 | 195 |
| 4 | रामलगन महाविद्यालय घोसी | 10/01/2022 | 210 |
| 5 | ग्रामपंचायत सिपाह इब्राहिमाबाद | 17/01/2022 | 170 |

**बेटी बचाओ बेटी पढाओ**

**स्थान ग्रामपंचायत सरायगनेश**

**दिनांक 02/10/2021**

**प्रतिभागी 385**



संस्था द्वारा उत्तर प्रदेश में कम हो रही लड़कियों की संख्या को देखते हुए बेटी बचाव बेटीपढाओ कार्यक्रमका आयोजन महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत सरायगनेश में किया गया जिसमे गाँव की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की प्रोग्राम मैनेजर पूनम सिंह ने कहा कि लड़कियों के गिरते हुए लिंगानुपात हम सभी के लिए एक चुनौती है यदि इसी तरह से लड़कियों की संख्या में कमी होती रही तो आगे स्थिति और भी भयावह हो सकती है इसके लिए हम सभी लोग जिम्मेदार हैं आज । लडकियां भी लड़कों के बराबर ही कार्य कर रही हैं चाहे वह सेना में सिपाही हो पुलिस हो या फिर , हवाई जहाज़ उडाना हो या ट्रेन या बस का संचालन हो सभी में लड़कियां लड़कों के साथ कन्धा से हम सभी को लड़का व लड़की में भेद भाव छोड़कर समान रूप से । कन्धा मिलकर कार्य कर रही हैं देखना होगा लड़कियों को भी लड़कों के बराबर शिक्षा देना होगा तभी हम लड़के एवं लड़कियों में भेदभाव को समाप्त कर सकते हैं ।

**<u>कानूनी जन सुनवाई</u>**

**स्थान ब्लाक सभागार घोसी**

**दिनांक 08/10/2021**

**प्रतिभागी 290**



संस्था द्वारा लोगो को अपने कानूनी अधिकारो को जानने के लिए कानूनी जन सनवाई का आयोजन किया गया । कायक्रम में रिर्सोस पर्सन एडवोकेट **अनिल कुमार मिश्र** ने कहा की हम सभी को मौलिक अधिकारो के साथ साथ गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार संविधान द्वारा दिया गया है कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी पद पर क्यो न हो सभी को समानता का अधिकार मिला हुआ है। छोटे छोटे झगड़ो को आपस में ही मिल बैठकर हमे सुलझा लेनो चाहिए। यदि कोई बड़ा विवाद होता है तो इसके लिए थाने में एफआईआर दर्ज कराना चाहिए।अधिवक्ता चंपा भरद्वाज ने कहा कि कोई मामला ज्यादे दिन से लम्बित है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय समय पर लोक अदालत का आयोजन किया जाता है जिसके माध्यम से समस्यओां का निस्तारण किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति या महिला गरीब है और कोई मामला कोर्ट में लम्बीत है तो उसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराता है। इसके लिए प्रार्थी को एक लिखित आवेदन सचिव/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नाम देना होता है इसके साथ ही उन्होने महिला उत्पीडन, घरेलू महिला हिंसा , बाल संरक्षण इत्यदि विषयों पर चर्चा किया गया।

## आयुर्वेद जागरूकता शिविर

**स्थान -ग्रामपंचायत रघौली**

**दिनांक 20/10/2021**



**प्रतिभागी 325**

संस्था द्वारा आयुर्वेद के प्रचार प्रसार एवम लोगो को आयुर्वेद के बारे में जानकारी देने के लिए आयुर्वेद जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में वैध बी बी सिंह ने लोगो को बताया कि आयुर्वेद को अपना कर हम अपने पुराने से पुराने लाइलाज बीमारी का भी इलाज कर सकते है। उन्होंने कहा कि चरक संहिता में वर्णित आयुर्वेदिक जड़ी बूटी से हमारे ऋषि मुनियों ने सभी का इलाज करते थे और लोग सौ वर्ष तक जीवित रहते थे। उन्होंने आगे कहा कि पतंजलि सुश्रुत चरक इत्यादि ऋषियों ने आयुर्वेद को अपना कर लोगो को न्याय जिंदगी दिया। चवन ऋषि ने चवनप्रास के माध्यम से लोगो को रोग प्रतिरोधक क्षतमा को बढ़ाने एम मदद करते थे। उन्होंने आगे कहा कि हमारे देश में जड़ी बूटियों की अपार संपदा है जिसका सभी को लाभ उठाना चाहिए। आयुर्वेद का कोई दुष्परिणाम भी नही होता है।

## रंगोली प्रतियोगिता

**स्थान शिवमंदिर घोसी**

**दिनांक 20/11/2021**

**प्रतिभागी 170**

संस्था धारा किशोरियों के कलात्मक एवम सार्वभौमिक विकाश के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में घोसी ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों से किशोरियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। तरह तरह के रंगोली किशोरियों धारा बनाया गया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान किया गया। तथा जितने भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लिए थे सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम में दवा विक्रेता कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार पाण्डेय] महामंत्री निर्भय कुमार पाण्डेय, संरक्षक तीर्थराज सिंह का विशेष सहयोग रहा।



**संविधान दिवस का आयोजन**

**स्थान परियोजना कार्यालय घोसी**

**दिनांक 26/11/2021**



**प्रतिभागी 230**

संस्था द्वारा 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया । एडवोकेट मांधाता सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 26 नवम्बर सन 2015 को बाबा साहब डॉ० भीमराव अम्बेडकर के 125 वीं जयंती के अवसर पर इसको लागु किया गया है तभी से इसको संविधान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है । यह संविधान 26 जनवरी सन 1950 को पुरे देश में लागु हुआ था तभी से 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के रूप मानते चले आ रहे हैं उन्होंने युवाओं को आवाहन किया की वे लोग संविधान को पढ़ें जिससे की अपने मौलिक अधिकारों के बारे में समझ सकें ।

**विश्व एड्स दिवस का आयोजन**

**स्थान किशोर वाटिका घोसी**

**दिनांक 01/12/2021**

**प्रतिभागी 245**



संस्था द्वारा एच आई वी /एड्स से बचाव के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे डॉक्टर मनोज कुमार द्वारा उपस्थित लोगो को एच आई वीएड्स से बचने के लिए उपाय सुझाए गए। उन्होंने कहा कि यह एक संक्रमित बीमारी है जो छुआ छूत से एक दूसरे में फैलती है। बचाव ही इसका एकमात्र इलाज है।

हॉस्पिटल में हमे इंजेक्शन लगवाते समय डिस्पोजल सिरेंज का प्रयोग करना चाहिए। नाई की दुकान पर ढाड़ी बनवाते समय ने ब्लेड का इस्तेमाल करना चाहिए साथ ही किसी भी मरीज को खून चढ़वाते समय ये सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह खून एचआईवी निगेटिव व्यक्ति का है।

## दिव्यांग स्वावलम्बन कार्यक्रम

संस्था द्वारा दिव्यांग स्वावलंम्बन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिव्यांग जागरूकता षिविर का अयोजन किया गया इस षिविर में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिब्यांगो के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया । षिविर को सम्बोधित करते हुए संस्था के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्रीमती पूनम सिंह ने कहा की दिव्यांगो के लिए भारत सरकार का समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कई तरह की कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसमें ट्राई साइकिल, श्रवण यत्र, छडी इत्यादि प्रदान किये जाते है इसके लिए दिब्यांगो को अपना आइनाइन पंजीकरण कराना होता है जिनका अभीतक दिव्यांग प्रमाणपत्र नही बना है वह अपना आनलाईन आवेदन करके प्रमाणपत्र बनवा ले। सरकार द्वारा दिव्यांगो के षादी हेतु अनुदान दिया जा रहा है जिसका फार्म दिव्यांग कल्याण कार्यालय मऊ से प्राप्त किया जा सकता है।



संस्था के प्रयास से दिव्योगो के कराये गये कार्य।

1. ट्राईसाइकिल – 30
2. सिलाईमषीन – 10
3. दिब्यांग **पेंशन** – 140
4. दिब्यांग प्रमाण पत्र – 272
5. यात्रा पास – 210

**भगवान मानव कल्याण समिति द्वारा विकास खण्ड घोसी के दो ग्राम पंचायतो में** दिव्यांग जागरूकता शिविर **का आयोजन किया गया जो निम्नवत है –**

| **क्र0** | **स्थान** | **दिनांक** | **प्रतिभागियो की संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1 | पंजीकृत कार्यालय अरियासो | 03/12/2021 | 210 |
| 2 | सिपाह इब्राहिमाबाद | 04/12/2021 | 222 |
| 3 | ग्रामपंचायत मझवारा | 05/12/2021 | 230 |

## विश्व मानवाधिकार दिवस

**स्थान डी एस एस ए महाविद्यालय घोसी**

**दिनांक 10/12/2021**

**प्रतिभागी 370**

संस्था द्वारा मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे लोगोको संविधान में प्रदत्त मानव अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में अनिल कुमार मिश्र एडवोकेट द्वारा लोगो को ये बताया गया कि हम संविधान द्वारा गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार मिला हुआ है। कोई भी अधिकारी किसी भी व्यक्ति का चाहे वह बड़ा हो या छोटा उसके मानवाधिकार का हनन नहीं कर सकता है। भारतीय संविधान में सभी लोगो को एक समान अधिकार दिए गए है। जिसमे स्वत्रता का अधिकार किसी भी धर्म को अपनाने का अधिकार, किसी भी राज्य में निवास करने का अधिकार दिया गया है। सरकार द्वारा लोगो को मौलिक अधिकार दिए गए है। जिसमे रोटी कपड़ा और मकान का प्रावधान है।



## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सहयोग

**स्थान जू० हा० स्कूल घोसी**

**दिनांक 11/12/2021**

**लाभार्थी 21**

संस्था द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत घोसी विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ग्रामपंचायतो में संस्था के कार्यकर्ताओं ने जो विवाह के योग्य हैं उनकी लिस्ट तैयार की गयी और 11 दिसम्बर को जू० हा० स्कूल घोसी के प्रांगण में होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए पंजीकृत किया गया तथा कार्यक्रम के दिन 21 जोड़ों को इस सामूहिक विवाह में विवाह करवाया गया जो भी शासन और प्रशासन से समान मिलना था वो सब दिलवाया गया ।

**कम्बल वितरण कार्यक्रम**

**स्थान संस्था कार्यालय अरियासो**

**दिनांक 22/12/2021**

**लाभार्थी 50**

संस्था द्वारा घोसी विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्रामपंचायतों में संस्था के स्वयं सेवको द्वारा गाँव गाँव में घूमकर ऐसे लोगों की सूची तैयार की गई जो अति गरीब एवं असहाय थे ऐसे 50 लोगों को संस्था के मुख्य कार्यालय पर दिनांक 22 दिसम्बर को एकत्रित करके संस्था सचिव के हाथो द्वारा कम्बल वितरित किया गया । इसका मुख्य उददेश्य ऐसे लोग जिनका कोई न हो और वो ठण्ड से बच सकें इसके लिए कम्बल वितरण का कार्यक्रम अयोजित किया गया ।



**<u>26 जनवरी गणतंत्र दिवस कार्यक्रम</u>**

स्थान परियोजना कार्यालय घोसी

दिनांक 26/01/2022

संस्था द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री शेष नाथ जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा सभी लोगों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि 26 जनवरी सन 1950को भारत में संविधान लागु किया गया जिसके उपलक्ष में हम 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस के रूप में मानते आरहे हैं।



# मतदाता जागरूकता रैली एवं शिविर

संस्था द्वारा स्थानिय पंचायत चुनाव में लोगो को सही मतदान करने हेतु मतदाता जागरूकता षिविर का आयोजन किया गया इस षिविर में 73वॉ संविधान संषोधन के बारे में लोगो को बताया गया साथ ही पंचायती राज व्यवस्था की अवधारणा पर चर्चा किया गया। षिविर को सम्बोधित करते हुए दवा विक्रेता कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय ने कहा की त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का उद्देष्य हर वर्ग के लोगो का पंचायत में प्रतिनिधित्व करने का अधिकार देता है। सबसे पहले हम सभी लोगो को यह सुनिष्चित कर लेना चाहिए की हमारे गॉव में जितने भी 18 वर्ष के उपर महिला या पुरू"ा है उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है की नही यदि नही है तो सम्बन्धित ग्राम पंचायत के बी0एल0ओ0 से मिलकर अपना नाम मतदाता सूची में जर्द करवा लेना चाहिए। मतदान के समय सुयोग्य प्रत्यासी का चुनाव करना चाहिए जो अपने ग्राम पंचायत के विकास के लिए पाच षाल तक अच्छा कार्य करे। मतदान के दिन मतदाता पहचान के रूप में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा लागू किये गये किसी भी विकल्प के साथ ही मतदान बूथ पर जाना चाहिए जिससे मत देने में हमें कोई असुविधा न हो।




**भगवान मानव कल्याण समिति द्वारा विकास खण्ड घोसी के दो ग्राम पंचायतो में** मतदाता जागरूकता शिविर**का आयोजन किया गया जो निम्नवत है –**

| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना कार्यालय घोसी से बस स्टेशन घोसी तक | 03/03/2022 | 330 |
| 2 | ग्रामपंचायत सोमारीडीह से बडगांव घोसी तक | 04/03/2022 | 345 |

# कोरोना वैक्सीनेशन हेतु प्रचार प्रसार

| क्रम स० | दिनांक | स्थान |
|---|---|---|
| 1 | 05/05/2021 | खत्रिपार ,दौलतपुर ,भटौली मलिक |
| 2 | 10/05/2021 | कादीपुर ,गोड़सरा ,खानपुर बुज़ुर्ग |
| 3 | 20/05/2021 | कारीसाथ ,पहाडपुर ,मदापुर समसपुर |
| 4 | 07/07/2021 | जमालपुर मिर्ज़ापुर ,सरहरा ज़मीन सरहरा ,मानिक जमीन हाजीपुर |
| 5 | 12/07/2021 | बेलासुल्तानपुर ,लुदुहीं,सरवानपुर |
| 6 | 20/07/2021 | मुंगेसर ,मुंग्मास,जमीन माछिल |
| 7 | 25/01/2022 | माउरबोझ ,रघौली ,बरुहा ,माछिल जमीन माछिल ,सरायगनेश |
| 8 | 04/02/2022 | लाखीपुर ,कल्यानपुर ,टड़ीयांव,पिढ़वल ,हाजीपुर |
| 9 | 21/02/2022 | मझवारा, मलेरिकोट ,लखनीमुबारकपुर ,पवनी |
| 10 | 26/02/2022 | धरौली ,मानिकपुर असना ,रसूलपुर ,सोमारीडीह ,गौरीडीह |
| 11 | 05/03/2022 | अरियासो ,घोघवल रामपुर ,रसड़ी ,कलाफनपुर,आदमपुर |
| 12 | 15/03/2022 | हरदासपुर ,लारपुर ,इटौराडोरीपुर ,हासापुर किरकिट ,नदवल |





# **कोविड 19 वैक्सीनेशन प्रोग्राम**

अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन बंगलुरु के वित्तीय सहयोग से मऊ जनपद के घोसी विकासखंड के अंतर्गत आने वाली 36 ग्रामपंचायतों में कोविड 19 वैक्सीनेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य ग्रामपंचायतों में 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को चिन्हित करके उनको कोविड 19 का टीका लगवाना था जो किसी कारणवश अभी तक टीका नहीं लगवा पाए थे या लोगों के बहकावे में आकर इस टीके को नहीं लगवा रहे थे। यह कार्यक्रम 1 जनवरी से प्रारंभ हुआ और 30 जून तक चलाया गया। इस कार्यक्रम में नारी संघ की महिलाओं ने पूरी ज़िम्मेदारी के साथ कार्यकर्ताओं को सर्वे कराने में तथा टीका लगवाने में मदद किया। इसके अलावा सम्बंधित ग्राम पंचायत के प्रधान ,अआषा ,ए एन एम् , आंगनबाड़ी ,रोजगार सेवक ,पंचायत सहायक ,ग्राम पंचायत सचिव , कोटेदार तथा गाँव के अन्य सामाजिक लोगों का पूरा सहयोग मिला। इस कार्यक्रम को संचालित करने में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोसी के अधीक्षक ,एच इ ओ , बी पी एम् ,बी सी पी एम, एवं बी एच डब्लू का पूरा सहयोग रहा। निम्नलिखित विवरण के अनुसार इस अभियान को पूर्ण किया गया -




| क्रम स० | कुल लगाये गये शिविरों की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 20 | 940 |

| क्रम स० | लक्षित ग्रामपंचायतों की संख्या | कुल जनसँख्या | 18+ कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 20 | 40456 | 32864 |

| क्रम स० | 18+ को लगाये गये कुल टीकों की संख्या | महिलाओं की संख्या | पुरुषों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 23500 | 11455 | 12045 |

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन**

**स्थान ब्लाक सभागार घोसी**

**दिनांक 08/03/2022**

**प्रतिभागी 210**

संस्था द्वारा 8 मार्च महिला अधिकार दिवस के उपलक्ष में विकासखंड घोसी के सभागार में महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसमे कुल 210 महिलाओं ने भाग लिया । इस कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य महिलाओं के अन्दर अपने अधिकार को लेकर जागरूकता पैदा करना था । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी कवल्गीरी ने कहा कि आजादी के 70 वर्ष बाद भी महिलाओं के दशा एवं दिशा में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हो पाया है । पंचायत में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण तो मिल चूका है लेकिन आज भी उनके कार्यो का निर्वहन उनके पति ,देवर ,जेठ एवं बेटे द्वारा किया जा रहा है । एडवोकेट चंपा भरद्वाज ने कहा कि घरेलु महिला हिंसा कानून 2005 के अंतर्गत यदि महिलाओं के ऊपर हिंसा हो रही है तो महिलाओं को कानून का सहारा लेना चाहिए । समाजसेवी अनीता मिश्रा ने कहा कि लड़कियों को भी उच्च शिक्षा दिलवानी चाहिए जिससे लड़के एवं लड़कियों में कोइ भेद न हो । संस्था की प्रोजेक्ट मैनेजर पूनम सिंह ने कहा कि हमको बहु एवं बेटी में कोई अंतर नही समझना चाहिए घर में लड़की पैदा होने पर सोहर गवाने की परम्परा को शुरू करना चाहिए जिससे लड़के एवं लड़की में भेद भाव न हो सके । किशोरियों के सशक्तिकरण पर बोलते हुए प्रिय पाण्डेय ने कहा कि हम भारत की नारी हैं फूल नही चिंगारी हैं कम करके हमको मत आंको हम सारे जग पर भारी हैं उन्होंने आगे कहा कि हम किशोरियों को बाहर निकलकर उच्च शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए जिससे कि ग्रामीण परिवेश की लड़कियां भी डॉक्टर और इंजिनियर बन सके ।



**फूलों की होली** का आयोजन

स्थान मधुबन मोड़ घोसी से मझवारा मोड़ घोसी तक

दिनांक 18/03/2022

प्रतिभागी 82

संस्था द्वारा हिन्दू मुस्लिम एकता एवं आपसी सौहार्द बढाने के लिए तथा आससी भाई चारा कायम रखने के लिए फूलो की होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जो बस स्टेषन घोसी से प्रारम्भ होकर मझवारा मोड़ घोसी गॉधी प्रतिमा तक आकर के समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में हिन्दू मुस्लिम सभी एक दूसरे पर फूलो की व"ाा कर रहे थे तथा होली की षुभ कामानांए दे रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज सेवी श्री मन्नान खॉ ने कहा की आज हर तरफ लोग हिन्दू मुस्लिम को आपस में लड़ा रहे है लेकिन हम लोगो ने मिल करे के घोसी वासियो को यह संदेष दिया है कि चाहे कुछ भी हो हम घोसी के लोग हिन्दू मुस्लिम एकता को कायम रखेगे तथा हिन्दुओं की होली मुसलमानो का ईद या कोई भी पर्व हम लोग आपसी सौहार्द के साथ मनाऐगे कार्यक्रम में सी0ओ0 घोसी, कोतवाल घोसी, दवा विक्रेता कल्याण घोसी के पदाधिकारी एवं सदस्य , भगवान मानव कल्याण समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा स्थानिय बृद्वजीवो ने इस कार्यक्रम को बहुत ही सराहा।



## प्रबन्धकारिणी समिति के पदाधिकारियो एवं सदस्यो की सूची

| क्र0 | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री षेषनाथ | अध्यक्ष |
| 2 | श्री देवेष कुमार | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री रमेष चन्द्र सिंह | सचिव/प्रबन्धक |
| 4 | श्रीमती रंजना | कोषाध्यक्ष |
| 5 | श्री भूपेष कुमार | लेखा परीक्षक |
| 6 | श्री रामसमुझ | सदस्य |
| 7 | श्री राजेष कुमार | सदस्य |
| 8 | श्रीमती कमलावती | सदस्य |
| 9 | श्रीमती ऊषा | सदस्य |

## साथी सस्था/तकनीकि सहयोग संस्था की सूची –

| क्र0 | साथी संस्था | तकनीकि सहयोग संस्था |
|---|---|---|
| 1 | साथी उत्तर प्रदेष – फैजाबाद | पानी संस्थान – फैजाबाद |
| 2 | उपवन – लखनऊ | ग्रामीण विकास संस्थान – मऊ |
| 3 | वात्सल्य – लखनऊ | साथी - उत्तर प्रदेश |
| 4 | सहयोग – लखनऊ | |
| 5 | सी0फार0 – जयपुर | |
| 6 | आई एस आर एन - नयी दिल्ली | |



मऊ जागरण

दैनिक जागरण 5

www.jagran.com वाराणसी, 9 मार्च, 2022

www.jagran.com

मुखर हों महिलाएं, खटखटाएं कानून का दरवाजा

जागरण संवाददाता, घोसी (मऊ) : कांग्रेस नेत्री एवं अधिवक्ता चंपा भारद्वाज ने महिलाओं को अपनी समस्याओं को लेकर मुखर होने और कानून का दरवाजा खटखटाने की सलाह दिया।

वह ब्लाक सभागार में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भगवान मानव कल्याण समिति अरियासो के तत्वावधान में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने महिलाओं के लिए बने घरेलू महिला हिंसा निवारण कानून 2005 में वर्णित प्रावधानों की विस्तृत चर्चा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की प्रोजेक्ट डायरेक्टर पूनम सिंह एवं चंपा भारद्वाज एवं झांती देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सिंह ने बच्ची के पैदा होने पर सोहर गाने की परंपरा लागू करने को कहा।

उन्होंने टीकाकरण कार्यक्रम को विस्तार में रखा। भाजपा नेत्री कंवल गिरी ने कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था के तहत दिए गए आरक्षण के तहत चयनित महिलाएं बैठकों में स्वयं भाग लें और गांव के विकास में अपनी क्षमता संग न्याय करें। शिक्षिका अनीता मिश्रा ने बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पौष्टिक खान-पान पर बल दिया। संस्था की कार्यकर्ता प्रिया पांडेय ने गीत प्रस्तुत करते हुए आधी अबादी को जागृत किया। झांती यादव के संचालन में आयोजिका पूनम सिंह ने मिथिलेश देवी, सुरती देवी, शशिकला, कमलावती, अनीता, मंशा, बिंदू एवं दुर्गा सहित सभी महिलाओं के प्रति आभार प्रकट किया।

घोसी ब्लाक सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करती प्रिया पांडेय (दाएं) • जागरण

आयोजन

- ब्लाक सभागार में भगवान मानव ने किया महिला दिवस आयोजन
- आधी आबादी ने हर समस्या के हल पर बेबाकी से की चर्चा



आज मऊ ११

वाराणसी, ९ मार्च, २०२२

पर्दा प्रथाके दौरमें भी महिलाओंने मनवाया अपनी प्रतिभाका लोहा

शैक्षिक गतिविधियोंके बजाय अन्य गतिविधियोंमें मोबाइलका उपयोग खतरनाक–नम्रता श्रीवास्तव

मऊ। नेहरू युवा केंद्र मऊ के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन राजीव गांधी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय परदहां के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की कंचन तिवारी ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही भारत में मातृशक्ति को अग्रणी बनाया जाता रहा है जो भारत में महिला सशक्तिकरण के पुराने इतिहास का द्योतक है। परंतु मध्य काल के दौरान कतिपय सामाजिक कारणों बस महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए समाज में पर्दा प्रथा को वरीयता दी जाने लगी और यह परंपरागत रूप में ब्रिटिश काल तक चलता रहा। हालांकि ब्रिटिश काल में भी तमाम महिलाओं ने अपने विद्वता का वीरता का प्रतिभा का नेतृत्व का लोहा मनवाया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवसपर सम्मानित होतीं ममता, पूनम आदि महिलाएं और संबोधित करतीं डाक्टर नम्रता श्रीवास्तव:छाया/आज